भारत सरकार/ GOVERNMENT OF INDIA
अंतरिक्ष विभाग/ DEPARTMENT OF SPACE
एल पी एस सी- वलियमला/ LPSC - VALIAMALA
निर्माण व अनुरक्षण प्रभाग/ CONSTRUCTION AND MAINTENANCE DIVISION

टेलि/Tel: 0471-256 7445/7326/7577 **ई-मेल /e-mail: contracts_cmg@lpsc.gov.in**

ई-निविदा सूचना सं./ e-Tender Notice **No: एलपीएससी - वी/LPSC-V/सीएमडी/CMD/सीएस/CS/02/7257/ सी/C/टीई/TE-074/2026-27 दिनांक/dated 19.11.2026**

1. भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए सामग्री-दर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।/On behalf of the President of India, item rate e- tenders are invited for the following work.

क्रम. सं. **Sl. No.**	**विवरण/Description**	ब्यौरा/**Details**
1.	कार्य का शीर्षक।/ Title of work	**एलपीएससी वलियमला के एएसएमजी मुख्य प्रयोगशाला परिसर में टीआईडी प्रयोगशाला का नवीनीकरण।/ Renovation of TID lab at ASMG main lab at LPSC Valiamala**
2.	निविदा में दी गई अनुमानित लागत/ Estimated cost put to tender	**₹16.41** लाख/**lakh**
3.	कार्य पूरा होने की अवधि, जिसे कार्य आदेश जारी होने की तिथि के 15वें दिन से गिना जाए।/ Period of completion reckoned from the 15th day of date of issue of work order.	**04 महीना/Months**
4.1	अवधि, जिसके दौरान निविदा दस्तावेज़ के लिए अनुरोध किया जा सके।/ Period during which the tender document can be requested	से/**From: 17:30** बजे/ **Hrs on 19.11.2026** तक/**To: 23:30** बजे/ **Hrs on 25.11.2026**
4.2	निविदा दस्तावेज़ डाउनलोड करने की अवधि/Period during which the tender document can be downloaded.	से/**From: 17:31** बजे/ **Hrs on 19.11.2026** तक/**To: 23:59** बजे/ **Hrs on 25.11.2026**
5.1	बोली स्पष्टीकरण/ Bid clarifications	से/**From: 18:00** बजे/ **Hrs on 19.11.2026** तक/**To: 12:00** बजे/ **Hrs on 26.11.2026**
5.2	बोली स्पष्टीकरण के लिए उत्तर/ Reply to Bid clarifications	तक/**Upto: 17:30** बजे/ **Hrs on 26.11.2026**
6.	निविदा पाने की अंतिम तिथि एवं समय/Last date and time for receipt of tenders.	तक/**Upto: 11:00** बजे/ **Hrs on 27.11.2026**
7.	निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय/Due date and time of opening of tenders.	**11:30** बजे/ **Hrs on 27.11.2026** **(**तकनीकी बोली/ **Technical bid)**
8.	बयाना राशि जमा (ई.एम.डी.)/ Earnest money deposit (EMD)	**₹32,820/-**

2. **अर्हता मानदंड/ Eligibility Criteria:**

एजेंसी निम्नलिखित शर्तें पूरी करेगी।/ The agency shall fulfill the following conditions.

क्रम.सं. Sl.No.	**अर्हता मानदंड/Eligibility Criteria**	**पात्रता हेतु दस्तावेज़ी प्रमाण/ Documentary proof for the eligibility (स्कैन एवं अपलोड करने के लिए/To be scanned & uploaded)**
a.	**<u>कार्यानुभव/Work Experience</u>:** निम्नलिखित कार्य, पिछले सात वर्ष की अवधि के दौरान, बोली प्रस्तुति की अंतिम तिथि से एक दिन पहले संतोषजनक रूप से निष्पादित किए जाने चाहिए।/ Should have satisfactorily completed the works as mentioned below during the last Seven years ending previous day of last date of submission of bids. i. तीन समान कार्य, जिनमें से प्रत्येक की लागत अनुमानित **₹6,56,400/-** से कम नहीं होनी चाहिए/ Three similar works each costing not less than **₹6,56,400/-** **(या/or)** ii. दो समान कार्य, जिनमें से प्रत्येक की लागत, अनुमानित **₹9,84,600/-** से कम नहीं होनी चाहिए/ Two similar works each costing not less than **₹9,84,600/-** **(या/or)** iii. एक समान कार्य जिसकी लागत अनुमानित **₹13,12,800/-** से कम नहीं होनी चाहिए/ One similar work costing not less than **₹13,12,800/-**	i. कार्य अनुभव साबित करने हेतु संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी कार्य आदेश एवं पूर्णता प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति/ Work orders and completion certificates issued by the authority concerned to establish work experience. ii. निजी कंपनियों द्वारा जारी कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र, टी.डी.एस (स्रोत पर कटौती किया गया कर) द्वारा समर्थित होगा।/ Completion certificates for works issued by Private parties shall be supported by TDS (Tax Deducted at Source) certificates.
	नोट/ Note: i. समान कार्य से तात्पर्य है/ Similar work shall mean – ***"General Civil works"*** ii. निष्पादित कार्यों का मूल्य, कार्य के वास्तविक मूल्य को प्रति वर्ष 7% के साधारण ब्याज की दर से बढ़ाकर, वर्तमान लागत स्तर पर लाया जाएगा (कार्य समापन की तिथि से बोली प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि तक परिकलित)।/ The value of executed works shall be brought to current costing level by enhancing the actual value of work at simple rate of 7% per annum, calculated from the date of completion to last date of submission of bids. iii. उप-संविदा या संयुक्त उद्यम के रूप में निष्पादित कार्य पात्रता/मूल्यांकन के योग्य नहीं होंगे।/ Work executed as sub-contract or joint-venture will not merit for eligibility / evaluation.	

3. निविदा दस्तावेज, निविदा विजार्ड से पंजीकरण एवं निविदा प्रक्रिया शुल्क अदा करके ई-निविदा वेबसाइट **www.tenderwizard.com/ISRO** से डाउनलोड किया जा सकता है। केवल निविदा दस्तावेज़ों को डाउनलोड करने से निविदाकार, बोली में भाग लेने हेतु हकदार नहीं हो जाता। निविदाकारों द्वारा अपलोडड दस्तावेज़ों का विभाग द्वारा सत्यापन किया जाएगा। यदि अपेक्षानुसार न पाए गए तो उन्हें अस्वीकृत कर दिया जाएगा।/ Tender documents can be downloaded from e-tendering web site **www.tenderwizard.com/ISRO** by registering with tender wizard and paying tender processing fee. Downloading of tender documents alone will not make a tenderer eligible for participating in the bidding. The documents uploaded by the tenderers will be subjected to verification subsequently by Department.If found not meeting the requirement, such offers will be rejected.

4. (a) निविदा के साथ**,** उपर्युक्त पैरा 1 में विनिर्दिष्ट मूल्य की बयाना राशि, लेखा अधिकारी, एल पी एस सी, वलियमला के पक्ष में किसी अनुसूचित बैंक द्वारा जारी माँग पर जमा रसीद /सावधिक जमा रसीद/डिमांड ड्राफ्ट के रूप में या किसी अनुसूचित बैंक द्वारा जारी बैंक गारंटी के रूप में संलग्न की जानी चाहिए। बयाना राशि जमा, निविदा की प्राप्ति की नियत तिथि से 180 दिनों के लिए वैध रहेगी। यदि ई एम डी**,** डिमांड ड्राफ्ट के रूप में प्रस्तुत की जाती है, तो निविदा खुलने पर इसे शीघ्र भुना लिया जाएगा तथा असफल निविदाकारों को ई एम डी की वापसी विभाग द्वारा चेक के जरिये या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से की जाएगी।

(a) Tenders should be accompanied with Earnest Money Deposit for value specified in Para 1 above, in the form of Deposit at Call receipt/ Term Deposit Receipt/ Demand Draft of any Scheduled Bank issued in favour of **Accounts Officer, LPSC, Valiamala** (or) in the form of Bank guarantee issued by a scheduled bank. Earnest Money Deposit shall be valid for 180 days from the due date of receipt of tenders. In case EMD in the form of DD is furnished, the same will be encashed immediately on opening of tenders and refund of EMD for unsuccessful tenderers will be made through cheque/ electronically by the Department.

(b**)** निविदा लागत/ई एम डी की छूट का दावा करने वाली एम एस ई इकाइयाँ, जिला उद्योग केंद्र (डी आई सी)/खादी एवं ग्रामीण उद्योग बोर्ड (के वी आई बी)/कॉयर बोर्ड/राष्ट्रीय लघु उद्योग आयोग (एन एस आई सी)/हस्तशिल्प एवं हथकरघा निदेशालय या एम एस ई मंत्रालय द्वारा विनिर्दिष्ट किसी अन्य निकाय द्वारा जारी एम एस एम ई उद्यम/उद्योग आधार ज्ञापन या पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेंगी। ज्ञापन/प्रमाण-पत्र, निविदा की नियत तिथि/विस्तारित नियत तिथि तक वैध होगा।/ (b)The MSE units claiming exemption of Tender Cost / EMD should submit MSME UDYAM/UDYOG AADHAAR MEMORANDUM or registration certificate issued by District Industries Centre (DIC) / Khadi & Village Industries Board (KVIB) / Coir Board / National Small Industries Corporation (NSIC) / Directorate of Handicrafts and Handlooms or any other body specified by Ministry of MSME. The memorandum/ certificate shall be valid as on due date/ extended due date of the tender.

5. निविदाएं, समूह निदेशक/समूह प्रधान/प्रधान, निर्माण एवं अनुरक्षण समूह/प्रभाग**,** एल पी एस सी, वलियमला के कार्यालय में उपर्युक्त पैरा 1 में निर्धारित तिथि एवं समय पर खोली जाएंगी।/ Tenders will be opened at the Office of the Group Director / Group Head/ Head, Construction and Maintenance Group/ Division **LPSC, Valiamala** on the stipulated date and time specified in Para 1 above.

6. (a) ई एम डी के मूल दस्तावेज़ समूह निदेशक/समूह प्रधान/ प्रधान, निर्माण व अनुरक्षण समूह/प्रभाग एल पी एस सी, वलियमला के कार्यालय को निविदा खुलने की नियत तिथि एवं समय पर या उससे पहले प्रस्तुत की जाएगी। यदि वैध ई एम डी निविदा खुलने की नियत तिथि एवं समय पर या इससे पहले प्राप्त नहीं होती है**,** तो निविदा-प्रस्ताव सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।/ Original instrument of EMD shall be submitted to the Office of the Group Director/ Group Head/ Head, Construction and Maintenance Group/ Division, **LPSC Valiamala** on or before due date and time of opening of tender. If valid EMD is

not received on or before due date and time of opening of tender, the tender offer shall be summarily rejected.

(b) निविदा लागत/ई एम डी से छूट का दावा करने वाले एम एस ई इकाइयाँ उपर्युक्त पैरा 4(***b***) में दर्शाये गए एम एस एम ई उद्यम/उद्योग आधार ज्ञापन या पंजीकरण प्रमाण-पत्र की हार्ड प्रति प्रस्तुत करेंगी। उपर्युक्त ज्ञापन/प्रमाण-पत्र की हार्ड प्रति नियत तिथि एवं समय पर या उससे पहले समूह निदेशक/समूह प्रधान/प्रधान, निर्माण एवं अनुरक्षण समूह/प्रभाग, एल पी एस सी वलियमला के कार्यालय को निविदा खुलने की नियत तिथि एवं समय पर या उससे पहले प्रस्तुत की जाएगी। यदि हार्ड प्रति निविदा खुलने की नियत तिथि एवं समय पर या इससे पहले प्राप्त नहीं होती है तो निविदा प्रस्ताव सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।/ (b)The MSE units claiming exemption of Tender Cost / EMD should submit hard copy of MSME UDYAM/UDYOG AADHAAR MEMORANDUM or registration certificate as indicated in para 4(b) above. The hard copy of above memorandum / certificate shall be submitted to the office of the Group Director / Group Head / Head, Construction and Maintenance Group / Division LPSC Valiamala on or before due date and time of opening of tender. If hard copy is not received on or before due date and time of opening of tender, the tender offer shall be summarily rejected.

7. केवल उन निविदाकारों की तकनीकी एवं वाणिज्यिक बोलियाँ नियत तिथि पर खोली जाएँगी, जिन्होंने वैध ई एम डी जमा किया है। तकनीकी एवं वाणिज्यिक बोली खुलने पर आगे विस्तृत समीक्षा/मूल्यांकन किया जाएगा। तकनीकी-वाणिज्यिक बोलियों के मूल्यांकन के दौरान निविदाकारों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज़ों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। यदि कोई भी निविदा पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करती है, तो इसे इसी चरण में अस्वीकृत कर दिया जाएगा तथा ऐसे प्रस्तावों पर आगे की प्रक्रिया हेतु विचार नहीं किया जाएगा। केवल उन्हीं निविदाकारों की मूल्य बोलियाँ, जो समीक्षा एवं तकनीकी मूल्यांकन के दौरान योग्य ठहराई गई हैं, अलग से नियत तिथि पर खोली जाएँगी और निविदा प्रक्रिया/शर्तों के अनुसार, आगे प्रक्रियान्वित की जाएँगी।/ On the due date of opening, the Technical & Commercial bid of those tenderers who furnished valid EMD only will be opened. On opening of Technical & commercial bid, further detailed, scrutiny/ evaluation will be carried out. During the evaluation of techno-commercial bids, the documents furnished by the tenderers will be scrutinized in detail. Any tender, found as not fulfilling the eligibility criteria will be rejected at this stage and such offers will not be considered for further processing. The price bid of only those tenderers who have been qualified during the scrutiny and technical evaluation will be opened separately on a specified date (with due intimation to the qualified bidders) and further processed, as per tender procedure/ stipulations.

8. सफल ठेकेदार की बयाना रशि निष्पादन गारंटी के रूप में परिवर्तित की जाएगी। कार्य ,के समापन पर उसी को प्रतिभूति जमा के रूप में परिवर्तित की जाएगी। बयाना राशि के भुगतान के लिए छूट के मामले में स्वीकृति पत्रतुरंत ह ,कार्य आदेश प्राप्त करने पर/ी अलग से निविदा पर लगाए गए अनुमानित लागत के 2**%** पर एक निष्पादन गारंटी प्रस्तुत करें।/ Earnest money of the successful contractor will be converted into performance guarantee. On completion of the work, the same will be converted as security deposit. In cases of exemption for payment of earnest money, separate performance guarantee at 2% of the estimated cost put to tender to be submitted immediately on receipt of letter of acceptance/work order.

9. निविदा प्रस्तुत करने से पहले इच्छुक निविदाकार, समूह निदेशक/समूह प्रधान, सी एम जी/ प्रधान**,** सी एम डी / इंजिनीयर-एसएफ/ इंजिनीयर-एस ई/ इंजिनीयर-एस डी की पूर्वानुमति से, कार्य-स्थल का निरीक्षण कर सकते हैं।/Intending tenderers may inspect the site before submitting the tenders, with the prior permission of **Group Director / Group Head, CMG/ Head CMD/ Engineer-SG / Engineer-SF/ Engineer-SE/ Engineer-SD**

10. भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा स्वीकार करने वाला प्राधिकरण न्यूनतम निविदा या किसी अन्य निविदा को स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं है और प्राप्त किसी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार रखता है। वे सभी निविदाएं, जिनमें निर्धारित शर्तों में से कोई शर्त पूरी नहीं की गई है या निविदाकार द्वारा कोई सशर्त छूट डाली गई है, निरस्त कर दी जाएँगी।/The tender accepting authority on behalf of President of India is not bound to accept the lowest or any other tender and reserves the authority to reject any or all the tenders received without assigning any reason. All tenders in which any of the prescribed condition is not fulfilled or any condition including that of conditional rebate is put forth by the tenderer shall be summarily rejected.

11. भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा स्वीकार करने वाला प्राधिकरण कार्य आदेश जारी करने से पहले, कार्य क्षेत्र के दायरे में परिवर्तन करने/या कार्य की मात्रा कम करने का अधिकार रखता है तथा इस कारणवश निविदाकर कोई भी दावा नहीं कर सकेगा।/The tender accepting authority on behalf of President of India also reserves the right to alter the scope/ or reduce quantum of work before issue of work order and the tenderer shall not have any claim what so ever on this account.

12. भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा स्वीकार करने वाला प्राधिकरण पूर्ण निविदा या निविदा के किसी भाग को स्वीकार करने का अधिकार रखता है तथा निविदाकार प्रस्तावित मूल्य पर ही कार्य-निष्पादित करने के लिए बाध्य होगा।/The tender accepting authority on behalf of President of India reserves the right of accepting the whole or any part of the tender and the tenderer shall be bound to perform the same at the rate quoted.

13. निविदा के संबंध में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई भी पक्ष-प्रचार पूरी तरह से निषिद्ध है और उन निविदाकारों द्वारा प्रस्तुत निविदा निरस्त कर दी जाएगी, जो पक्ष-प्रचार का सहारा लेंगे।/Canvassing directly or indirectly, in connection with tender is strictly prohibited and the tenders submitted by the contractors who resort to canvassing will be liable for rejection.

14. निविदा स्वीकार करने वाला प्राधिकरण सरकार द्वारा समय-समय पर जारी नीतियों के अनुसार, निविदा-प्रस्तावों को प्राथमिकता देने का विकल्प रखता है।/The tender accepting authority reserves the option to give preferences to the offers in accordance with the policies of the Government from time to time.

15. निविदाकार को विभाग के केंद्र के उस विशिष्ट प्रभाग में कार्यों के लिए निविदा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जिसमें संविदायें देने और इनके कार्यान्वयन हेतु जिम्मेदार कार्यरत व्यक्ति उसका/उसकी कोई नजदीकी रिश्तेदार हो। उसे उन व्यक्तियों का नाम भी सूचित करना होगा जो उस के साथ किसी भी हैसियत से काम कर रहे हों या कालक्रम में उसके द्वारा नियोजित किए गए हों और जो अंतरिक्ष विभाग में किसी राजपत्रित अधिकारी के नजदीकी रिश्तेदार हों। निविदाकार द्वारा इस शर्त के उल्लंघन से निविदा रद्द हो जाएगी तथा संविदा निरस्त हो जाएगी।/ The contractor shall not be permitted to tender for works in the Division of that particular Centre of the Department responsible for award and execution of contracts for which his/ her near relative is working. He/she shall also intimate the names of persons who are working with him in any capacity or are subsequently employed by him and who are near relatives to any Gazetted Officer in the Department of Space. Any breach of this condition by the contractor would render him liable for rejection of tender or cancellation of contract.

16. निविदा, उपरोक्त पैरा 1 के अनुसार निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि से कम-से-कम 120 दिनों तक वैध होगी। यदि कोई निविदाकार वैधता अवधि के अंदर अपना प्रस्ताव वापस ले लेता है या निविदा की शर्तों एवं निबंधनों में कुछ परिवर्तन करता है, जो विभाग को स्वीकार्य नहीं है, तो सरकार किसी अधिकार या उपाय पर बिना किसी पक्षपात के बयाना राशि का 50**%** **(**पच्चास प्रतिशत**)** जब्त करने के लिए अधिकृत है। आगे, निविदाकार को कार्य की पुनर्निविदा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।/ The tender should be valid for minimum period of

120 days from the due date of receipt of the tender specified in Para 1 above. If any tenderer withdraws the offer within the validity period or makes any modifications in the terms and conditions of the tender which are not acceptable to the Department, the Government shall without prejudice to any other right or remedy, be at liberty to forfeit 50% (Fifty Percent) of the Earnest Money Deposit absolutely. Further, the tenderer shall not be allowed to participate in the re-tendering process of the work.

17. निविदा पूरी होने पर सफ़ल निविदाकारों के साथ एक करार किया जाएगा।/ On concluding the tender, an agreement shall be drawn with the successful tenderer.

18. हिंदी और अंग्रेज़ी के बीच किसी भी विसंगति की स्थिति में अंग्रेज़ी संस्करण को सही माना जाए।/ In case of any discrepancies between Hindi & English version, English version shall prevail.

19. कार्य की प्रगति के अनुपात में निष्पादन के दौरान निर्माण संबंधी आरेखण/ कार्य आरेखण चरणों में जारी किए जाएंगे/ Construction drawings/ working drawings will be issued in stages during execution proportionate to the progress of work.

20. यदि किसी बोलीदाता/ठेकेदार को जी एफ आर-2017 के नियम संख्या 151 एवं 175 में दिए गए प्रावधानों के अनुसार सत्यनिष्ठा संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया जाता है, तो उसे अंतरिक्ष विभाग, उसके संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों, स्वायत्त निकायों, सी पी एस ई आदि की भविष्य की निविदाओं में भाग लेने से अधिकतम 2 वर्ष की अवधि के लिए अयोग्य घोषित किया जाएगा। यह अयोग्य ठहराना व्यय विभाग द्वारा दिनांक 02.11.2021 को जारी कार्यालय ज्ञापन संख्या एफ.1/20/2018-पी पी डी तथा समय-समय पर भारत सरकार द्वारा जारी किसी अन्य आदेश के प्रावधानों के अधीन होगा। /Bidder/Contractor will be debarred for a maximum period of 2 years from participating in the future tenders of Department of Space, its attached/subordinate offices, Autonomous Bodies, CPSEs, etc, if a bidder/ Contractor is found default of breaching code of integrity as per provision contained in the Rule No. 151 & 175 of GFR-2017. The debarment is further subject to the provision contained in the Office Memorandum No.F.1/20/2018-PPD dated 02.11.2021 issued by Department of Expenditure and any other orders issued by Government of India from time to time on the subject matter

Sd/-

प्रधान, सी एम डी, एल पी एस सी, वलियमला
Head CMD, LPSC, VALIAMALA

तकनीकी-वाणिज्यिक बोली के साथ निम्नलिखत दस्तावेज़ों की स्कैन्ड प्रतियाँ भी अपलोड की जानी चाहिए, जिनके बिना निविदाकार अस्वीकृत कर दिए जाएंगे।/SCANNED COPY OF THE FOLLOWING DOCUMENTS SHALL BE UPLOADED ALONG WITH TECHNO-COMMERCIAL BID, FAILING WHICH THE TENDERERS ARE LIABLE TO BE REJECTED

1. कार्यानुभव की समान प्रकृति एवं निर्धारित मात्रा साबित करने के लिए संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी कार्य आदेश एवं कार्य-पूर्णता प्रमाण-पत्र।/ Work Orders and Completion certificates issued by the authority concerned to establish similar nature and stipulated magnitude of work experience

2. अर्हता मानदंडों के अनुसार, समान प्रकृति एवं तुलनात्मक मात्रा के कार्य निष्पादन का दस्तावेज़ी साक्ष्य/ Documentary proof for having executed the work of similar nature and comparable magnitude as per the eligibility criteria

3. निजी पार्टियों द्वारा निर्गत कार्यों के समापन प्रमाण-पत्र, टी डी एस (स्रोत पर कर-कटौती) प्रमाण-पत्रों द्वारा समर्थित होने चाहिए।/ Completion certificate for works issued by private parties shall be supported by TDS (Tax Deducted at Source) certificates.

4. फोर्मेट-**1** में संविदा के सामान्य नियम के अनुसार सूची में कार्य की लागत, पूर्ण करने की तिथि, समय का विस्तार आदि को दर्शाता है ।/ A list of completed works indicating value of work, date of completion, extension of time etc, as per Format-1 in General Conditions of Contract (Page No. E -59)

5. पैन एवं जी एस टी विवरण/ PAN and GST details.

6. पीएफ एवं ईएसआई पंजीकरण की प्रतिलिपि (केवल रख-रखाव कार्य के लिए लागू)/ Copy of PF and ESI registration. (Applicable only for maintenance works)

7. बयाना राशि जमा या अगर बोलीकर्ता एन एस आई सी/एम एस एम ई पंजीकरण के अधीन किसी छूट का दावा करता है तो, निविदा की देय तिथि को वैध, प्रासंगिक पंजीकरण प्रमाण-पत्र संलग्न किया जाए।/Earnest Money deposit or if the bidder is claiming any exemption under NSIC/MSME's registration, copy of relevant registration certificate valid on the due date of tender should be attached.

8. विस्तृत ब्यौरे के साथ कंपनी प्रोफाइल/Company Profile with details.

9. अतिरिक्त दस्तावेज़, यदि कोई हो/ ADDITONAL Documents, if any.